# साइबर से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक पुलिस का मिशन शक्ति अभियान

**श्रावस्ती, 24 मई, (तरुणमित्र)।** मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु व्यापक जागरूकता अभियान* चलाया गया। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के निर्देशन में शक्ति मोबाइल टीमों द्वारा शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर महिलाओं को सुरक्षा उपायों, कानूनी अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। अभियान के दौरान महिलाओं को 1090 (वीमेन पावर लाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 181 (महिला हेल्पलाइन) व 1930 (साइबर अपराध हेल्पलाइन) जैसी सेवाओं से अवगत कराया गया व इनका समय पर उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। शक्ति मोबाइल टीम की महिला आरक्षी पूजा तिवारी, प्रिया मिश्रा, शांति शुक्ला व सरिता जायसवाल द्वारा थाना इकौना क्षेत्र में कैलाशपुर, भगवन्तपुर, कस्बा इकौना व थाना हरदत्त नगर के अंतर्गत कंजड़वा, बदला चौराहा, महरू मूर्तियां, गौसपुर आदि स्थानों पर



जागरूकता अभियान चलाया गया। महिलाओं को साइबर अपराध, घरेलू हिंसा की रोकथाम, सोशल मीडिया सुरक्षा व हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी गई। साथ ही कन्या सुमंगला योजना, उज्ज्वला योजना व बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी देकर महिलाओं को उनसे लाभान्वित होने हेतु प्रेरित किया गया। बीट अधिकारियों द्वारा पंपलेट वितरण कर आवश्यक जानकारी साझा की गई। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त, जागरूक व आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे हर परिस्थिति में अपनी सुरक्षा स्वयं सुनिश्चित कर सकें। श्रावस्ती पुलिस का यह प्रयास सुरक्षित समाज की दिशा में एक सार्थक पहल है।